उज्जैन
सोमवार
13
जनवरी, 2025
मूल्य- 2 रु.
वर्ष-11
अंक-72
मालवा डिवीजन 402/2024-2026
आर एन आई क्रमांक 2013/57651

# दैनिक ब्रह्मास्त्र



अगर मेरा शरीर इजाजत देगा तो मैं काम करूंगी कैंसर के इलाज के बीच सीरीज करने पर बोलीं हिना खान

पेज- 4

## प्रधानमंत्री मोदी ने मप्र की डॉक्टर स्वप्ना से किया संवाद, 25 हजार परिवारों के विवादों को सुलझाया



**भोपाल।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मध्यप्रदेश के सतना की डॉ. स्वप्ना वर्मा ने संवाद किया। उन्होंने जिले में स्वास्थ्य सेवा के क्षेत्र में किए जा रहे उनके प्रयासों को सराहा। पीएम ने उनके बीमारी मुक्त मॉडल के बारे में जानकारी ली। डॉ. स्वप्ना वर्मा ने अब तक 25 हजार परिवारों के आपसी विवादों को सुलझाने में भी मदद की हैं। दरअसल, स्वामी विवेकानंद जयंती के मौके पर रविवार को नई दिल्ली में राष्ट्रीय युवा दिवस कार्यक्रम का आयोजन हुआ। इसमें प्रधानमंत्री ने 'विकसित भारत यंग इंडिया लीडर्स डॉयलॉग' में देशभर से चुने गए 10 प्रतिभागियों से संवाद कर उनके नवाचारों को सराहा। इनमें सतना जिले की मधुरिमा सेवा संस्कार संस्थान की संस्थापक डॉ. स्वप्ना भी शामिल थीं।

## नाइजीरिया में पायलट ने लोकल लोगों क्रिमिनल गैंग समझकर किया फायर, 16 की मौत

**अबुजा।** अफ्रीकी देश नाइजीरिया के उत्तर-पश्चिमी राज्य जम्फारा में रविवार को एक सैन्य हवाई हमले में 16 लोगों की मौत हो गई। न्यूज एजेंसी ईफपी के मुताबिक एक पायलट ने गलती से लोकल लोगों की डिफेंस फोर्स को क्रिमिनल गैंग समझ लिया था। नाइजीरिया की सेना इस इलाके में लंबे समय से क्रिमिनल गैंग्स से लड़ रही है। इन्हें स्थानीय तौर पर डाकू कहा जाता है। ये लड़ाके गांवों पर हमला करते हैं, फिरौती के लिए लोगों को किडनैप कर लेते हैं और उनके घरों को आग लगा देते हैं। इस वजह से यहां रहने वाले आम लोग भी सेल्फ डिफेंस में बंदूक लेकर अपराधियों को इलाकों से बाहर खदेड़ देते हैं। शनिवार को भी डाकुओं ने जम्फारा के डांगेबे गांव पर हमला करके कई जानवरों को लूट लिया था। इसके बाद गांव वाले बंदूकों से हमला कर इन्हें बाहर खदेड़ कर वापस लौट रहे थे, तभी लड़ाकू विमान ने तुंगर कारा गांव के पास उन पर गोलीबारी कर दी।

## ट्रम्प के शपथ ग्रहण में जयशंकर जाएंगे, चीनी राष्ट्रपति को भी न्योता



**नई दिल्ली।** विदेश मंत्री जयशंकर 20 जनवरी को अमेरिका के दौरे पर रहेंगे। वे यहां नवनिर्वाचित अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के शपथ ग्रहण में शामिल होंगे। शपथ ग्रहण आयोजन समिति ने इसके लिए भारत को न्योता भेजा है। विदेश मंत्रालय ने यह जानकारी एक्स पर पोस्ट के जरिए दी। इसके साथ ही चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग, इटली की प्रधानमंत्री जॉर्जिया मेलोनी, अर्जेंटीना के राष्ट्रपति जेवियर मिलेई और अल साल्वाडोर के राष्ट्रपति नायब बुकेले को भी निमंत्रण भेजा गया रिपोर्ट्स के मुताबिक ट्रम्प के शपथ ग्रहण में शामिल होने के लिए दुनिया भर के अरबपतियों में होड़ लगी है।

## उत्तराखंड में 100 मीटर गहरी खाई में बस गिरी, 5 की मौत, 17 लोग घायल


**उत्तराखंड।** उत्तराखंड में पौड़ी से सेंट्रल स्कूल जाने वाले मार्ग पर बस हादसा हो गया। दहलचोरी जा रही बस सत्याखाल के पास अनियंत्रित हो गई। इससे बस 100 मीटर खाई में जा गिरी। हादसे में 5 लोगों की मौत हो गई, जबकि 17 लोग घायल हैं। घटना के बाद राहत और बचाव कार्य तेजी से चलाया गया। सीएम पुष्कर सिंह धामी ने हादसे पर शोक व्यक्त किया है। मृतकों के परिजनों को हर संभव मदद का आश्वासन दिया है। जानकारी के अनुसार, ये हादसा दोपहर करीब तीन बजे हुआ। मिनी बस पौड़ी बस अड्डे से देहलचौरी के लिए निकली थी। लेकिन, सत्याखाल के पास बस अनियंत्रित होकर सड़क से फिसल गई और 100 मीटर खाई में जा गिरी। गिरते समय बस पेड़ से टकराई, जिससे वह और नीचे जाने से रुक गई।

# कल मकर संक्रांति का उल्लास रहेगा...

## शिप्रा में लगेगी पर्वकाल की डुबकी, स्नान के बाद देंगे दान

**वो काटा है..ये काटा है की सुनाई देगी गूंज**

**आज सुबह से ही दुकानों पर भीड़, रात तक दुकानों पर रहेगा खरीदी करने वालों का तांता**



ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

कल 14 जनवरी को शहर में मकर संक्राति का उल्लास बिखरेगा। सुबह से ही पतंगबाज छतों पर चढ़ जाएंगे और पतंगबाजी का आनंद लिया जाएगा तो वहीं वो काटा है ये काटा है की भी आवाज सुनाई देगी। दूसरी और पर्वकाल पर शिप्रा में भी लोग डुबकी लगाएंगे। इधर आज सुबह से भी पतंग की दुकानों पर पतंग और मांझा खरीदी करने वालों की भीड़ है तो वहीं आज रात तक भी दुकानों पर खरीदी करने वालों का तांता लगा रहेगा।

हिंदू धर्म शास्त्रों के अनुसार, मकर संक्रांति के दिन सूर्य दक्षिणायन से उत्तरायण गति करने लगते हैं। ज्योतिष शास्त्र के अनुसार, जब सूर्य धनु राशि से मकर राशि में प्रवेश करते हैं, तब मकर संक्रांति मनाई जाती है। इस दिन खरमास की समाप्ति होती है और संक्रांति के बाद से ही पूजा-पाठ, शादी-विवाह जैसे मंगल कार्य प्रारंभ होते हैं।

### स्नान-दान का शुभ मुहूर्त

14 जनवरी 2025 को स्नान-दान का शुभ मुहूर्त सुबह 9 बजकर 3 मिनट से सुबह 10 बजकर 48 मिनट तक है। मकर संक्रांति के दिन एक विशेष संयोग बन रहा है. इस दिन 19 साल बाद दुर्लभ भौम पुष्प योग बन रहा है। ज्योतिष शास्त्र में भौम पुष्प योग को अत्यंत शुभ माना जाता है। यह योग मंगल और पुष्य नक्षत्र के मिलन से बनता है। इस योग में किए गए कार्यों में सफलता मिलने की संभावना बढ़ जाती है।

### सुबह 9:03 बजे सूर्य देव मकर राशि में प्रवेश करेंगे

हिन्दू पंचांग के अनुसार, इस दिन सुबह 9:03 बजे सूर्य देव मकर राशि में प्रवेश करेंगे। उदयातिथि के अनुसार, भारत में मकर संक्रांति 14 जनवरी 2025 को मनाई जाएगी। इस दिन स्नान-दान करने के लिए खास शुभ मुहूर्त है। अगर शुभ मुहूर्त की बात करें, तो मंगलवार, 14 जनवरी 2025 को पुण्य काल सुबह 09:03 बजे, जो शाम 5:46 बजे तक है। मकर संक्रांति पर सुबह आठ बजे सूर्य का मकर राशि में प्रवेश होगा। इसके साथ ही सूर्यदेव उत्तरायण की ओर यात्रा करेंगे। सूर्य के मकर में प्रवेश करते ही मलमास का समापन भी हो जाएगा। मकर का सूर्य होते ही भक्त शिप्रा में स्नान करेंगे।

### महाकाल को तिल का उबटन गर्म जल से स्नान कराएंगे

महाकाल मंदिर में तड़के चार बजे भस्म आरती में पुजारी भगवान महाकाल को तिल का उबटन लगाकर हल्के गर्म जल से स्नान कराएंगे। पंडित महेश पुजारी ने बताया कि मकर संक्रांति पर भगवान महाकाल को तिल के उबटन से स्नान कराने की परंपरा है। इसके बाद नवीन वस्त्र व सोने-चांदी के आभूषण धारण कराकर दिव्य स्वरूप में श्रृंगार होगा। इसके पश्चात तिल के पकवानों का महा भोग लगाकर आरती की जाएगी। मंदिर में पतंग से आकर्षक सज्जा की जाएगी।

### पूजा विधि

मकर संक्रांति के दिन सूर्योदय से पूर्व उठें। इस समय सूर्य देव को प्रणाम कर दिन की शुरूआत करें। अपने घर की साफ-सफाई करें। साथ ही गंगाजल छिड़ककर घर को शुद्ध करें। दैनिक कामों से निपटने के बाद सुविधा होने पर पवित्र नदी में स्नान करें। सुविधा न होने पर गंगाजल युक्त पानी से स्नान करें। अब आचमन कर स्वयं को शुद्ध करें और पीले रंग के कपड़े पहनें। इसके बाद सूर्य देव को जल का अर्घ्य दें और अंजलि में तिल लेकर बहती जलधारा में प्रवाहित करें। पंचोपचार कर विधि-विधान से सूर्य देव की पूजा करें। पूजा के समय सूर्य चालीसा का पाठ करें। अंत में आरती कर पूजा का समापन करें। पूजा के बाद अन्न का दान दें। साधक अपने पितरों का तर्पण एवं पिंडदान कर सकते हैं।

# कैलिफोर्निया की आग से अब तक 16 की मौत

## लास एंजिलिस में 13 लाख करोड़ रुपये का नुकसान

ब्रह्मास्त्र ›› लॉस एंजिलिस



अमेरिका के कैलिफोर्निया राज्य में बीते 6 दिन से लगी आग पर अभी तक काबू नहीं पाया जा सका है। इसकी वजह से अब तक 16 लोगों की मौत हो चुकी है। कई लोगों के लापता होने की आशंका है। हवा की रफ्तार बढ़ने से कई इलाकों में आग के फैलने में तेजी आई है। फिलहाल ये 80 किमी/घंटा की रफ्तार से चल रही है, जो अगले 12 घंटों में और बढ़ सकती है। आग से निपटने में अमेरिका की मदद के लिए मेक्सिको से फायरफाइटर्स पहुंचे हैं। रॉयटर्स के मुताबिक लॉस एंजिलिस में लगी आग से अब तक करीब 11.60 लाख करोड़ से लेकर 13 लाख करोड़ रुपए (135-150 बिलियन डॉलर) के नुकसान की आशंका है। यहां पर आग को कुछ हद तक काबू किया गया है। यहां लोगों से मास्क पहनकर रहने की अपील की गई है।

लॉस एंजिलिस पुलिस के मुताबिक ब्रेटनवुड स्थित उपराष्ट्रपति कमला हैरिस के घर में चोरी की कोशिश की गई। इस मामले में दो लोगों को गिरफ्तार किया गया था, हालांकि बाद में इन्हें छोड़ दिया गया। पुलिस का कहना था कि उसके पास इस बात के कोई सबूत नहीं है कि ये दोनों लोग चोरी की नीयत से ही वहां मौजूद थे।

# आईपीएल का 18वां सीजन 21 मार्च से शुरू होगा, 25 मई को कोलकाता में फाइनल

ब्रह्मास्त्र ›› मुंबई

आईपीएल 2025 का पहला मैच 21 मार्च को कोलकाता में खेला जाएगा। यहीं 25 मई को टूर्नामेंट का फाइनल भी होगा। वहीं, विमेंस प्रीमियर का तीसरा सीजन 7 फरवरी से शुरू होकर 2 मार्च तक चलेगा। इस बार का टूर्नामेंट 2 की बजाय 4 वेन्यू पर खेला जाएगा। क्रिकइन्फो की रिपोर्ट अनुसार आईपीएल कमेटी ने सभी फ्रेंचाइजी को टूनामेंट शुरू होने की डिटेल भेज दी है, जिससे कि वे खिलाड़ियों को लेकर अपनी तैयारी शुरू कर दें। कोलकाता नाइट राइडर्स आईपीएल की डिफेंडिंग चैंपियन है, टीम ने फाइनल में सनराइजर्स हैदराबाद को हराया था। आईपीएल का पूरा शेड्यूल जनवरी के आखिर में रिलीज किया जा सकता है। नवंबर में आईपीएल का मेगा ऑक्शन हुआ। जिसके बाद कमेटी ने सभी टीमों को अगले 3 साल का संभावित शेड्यूल बताया था। जिसके हिसाब से इस बार का टूर्नामेंट 15 मार्च से 25 मई तक होना था।

## यमन में हादसा: गैस स्टेशन पर आग लगने के बाद धमाका

# 67 लोग घायल, 40 गंभीर



ब्रह्मास्त्र ›› यमन

मध्य यमन में एक गैस स्टेशन पर हुए विस्फोट के बाद आग लगने से कम से कम 15 लोगों की मौत हो गई। स्वास्थ्य अधिकारियों ने रविवार को बताया कि विस्फोट के बाद भीषण आग लगी थी, जिससे बचाव अभियान में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा है।

हूती विद्रोहियों की तरफ से संचालित स्वास्थ्य मंत्रालय ने एक बयान में बताया कि विस्फोट शनिवार को बायदा प्रांत के जहेर जिले में हुआ। जिसमें कम से कम 67 अन्य लोग घायल हुए, जिनमें 40 की हालत गंभीर है। मंत्रालय ने कहा कि बचाव दल लापता लोगों की तलाश कर रहे हैं। अभी तक विस्फोट के कारण का पता नहीं चल पाया है।

# शाजापुर में चाइनीज मांझे से बुजुर्ग का पैर कटा

ब्रह्मास्त्र ›› शाजापुर

शाजापुर में प्रतिबंधित चाइनीज मांझे का खुलेआम उपयोग जारी है, जिसका खामियाजा रविवार को एक बुजुर्ग को भुगतना पड़ा। ग्राम कांकड़ी के 60 वर्षीय बलदेव सिंह साप्ताहिक हाट के लिए शाजापुर आए थे। रिक्शा से उतरते समय उनका पैर चाइनीज मांझे में फंस गया। इस बीच पतंगबाज ने मांझा खींचा और बुजुर्ग का पैर कट गया। उन्हें तत्काल जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। घटना के समय बुजुर्ग के साथ 10 वर्षीय बच्चा भी था, जिसकी जान बाल-बाल बची। चिंताजनक बात यह है कि प्रतिबंध के बावजूद न तो दुकानदार इस खतरनाक मांझे की बिक्री रोक रहे और न ही लोग इसकी खरीदी से बच रहे। स्थानीय लोगों का कहना है कि प्रशासन की ढिलाई के कारण चाइनीज मांझे का उपयोग बेरोकटोक जारी है।



## खबर एक नजर...

### मां शिप्रा तैराक दल द्वारा रामघाट के घाटों की सफाई कर स्वच्छता अभियान चलाया



**उज्जैन।** स्वामी विवेकानंद जी की जयंती को युवा दिवस के रूप में मनाया जाता है। इसी के चलते युवा दिवस व 14 जनवरी मकर संक्रांति के स्नान हेतु श्रद्धालु रामघाट आयेंगे। उसी को देखते हुए मां शिप्रा तैराक दल द्वारा रामघाट के घाटों की सफाई कर स्वच्छता अभियान चलाया गया। मां शिप्रा तैराक दल सचिव संतोष सोलंकी, तेजा कहार, मन्नू कहार, अशोक कहार,राकेश गोंड आदि द्वारा स्वच्छता अभियान चलाया गया। जानकारी सपना माली ने दी।

### बाल संस्कार पाठशाला में लगा बाल मेला

**उज्जैन।** श्री महावीर जैन स्थानकवासी न्यास सुभाष नगर उज्जैन द्वारा संचालित बाल संस्कार पाठशाला द्वारा बाल मेले का आयोजन किया गया। रविवार 12 जनवरी को प्रातः 10 बजे से प्रारंभ हुए मेले में एंटरटेनमेंट जोन, शॉपिंग जोन, फूड जोन, सेल्फी पॉइंट प्रमुख आकर्षण रहे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि संघ के पूर्व अध्यक्ष शैलेंद्र राठौर, वर्तमान अध्यक्ष संजय बापना एवं संघ के महासचिव आर सी सुराणा थे। इन्हीं के कर कमलों से फीता खोलकर मेले का उद्घाटन किया गया। तीनों अतिथियों ने अपने उदबोधन में बच्चों को संस्कार देनें वाली इस पाठशाला एवं इसके शिक्षक, संचालक सभी के प्रयासों की भूरी भूरी प्रशंसा की, साथ ही ज्यादा से ज्यादा बच्चों को जोड़ने की आवश्यकता पर बल दिया। इस अवसर पर पाठशाला के शिक्षक विनय कोठारी, समता जैन, ऋतु जैन, प्रिया जैन एवं यश जैन सम्मान भी संघ द्वारा किया गया। अंत में आभार प्रदर्शन अर्चना बापना द्वारा किया गया। उपरोक्त जानकारी संघ के पी आर ओ संदीप जैन द्वारा दी गई।

### क्रीड़ा भारती ने आयोजित की सूर्य नमस्कार स्पर्धा




**उज्जैन।** क्रीडा भारती खेल परिसर मे युवा दिवस पर आयोजित सुर्य नमस्कार प्रतियोगिता मे एकल मे 225 व समुह मे 14 ग्रुप ने सहभागिता की प्रतियोगिता के लिए निर्धारित आयु वर्ग 6 से 10, 10 से 18, 18 से 35 व 35 वर्ष से उपर आयु वर्ग मे प्रतियोगिता आयोजित की गई। समुह मे निर्धारित आयु वर्ग 6 से 18 वर्ष व 18 वर्ष से उपर मे स्पर्धा आयोजित की गई। कार्यक्रम के मुख्य मध्यप्रदेश ओलंपिक संघ के अध्यक्ष विधायक रमेश मेंदोला, योग प्रमुख डॉ दक्ष सिंह गौड, हरीश डागुर के मुख्य आतिथ्य मे संपन्न हुआ। इस अवसर पर दिनेश जोशी, बबन शर्मा, डॉ. आरके जैन, डॉ. वरुण कुशवाह, पूजा शर्मा, योगेश पुरोहित, वीरेंद्र पंवार, अमित करपे, अभय लक्कड़ आदि भी उपस्थित हुए। कार्यक्रम का संचालन हरदीप सिंह रुप्पल ने किया व आभार रंजन पंवार ने किया।

### ब्राह्मण समाज का युवा परिचय सम्मेलन 22 मार्च को


**उज्जैन।** आदि गौड़ ब्राह्मण सेवा न्यास के तत्वावधान में अखिल भारतीय सर्व ब्राह्मण युवा परिचय सम्मेलन 22 मार्च को इंदौर के रवींद्रनाथ टैगोर में रखा गया है। यह जानकारी देते हुए समाज के वरिष्ठ पंडित गोकुल शर्मा ने बताया कि आयोजन के मुख्य संरक्षक इंदौर के विधायक पंडित रमेश मेंदोला एवं संयोजक पंडित दिनेश शर्मा है। इस आयोजन मे शामिल होने के लिए फॉर्म आदि गौड़ ब्राह्मण समाज ट्रस्ट 24 रामघाट मार्ग उज्जैन पर उपलब्ध है। उपरोक्त फॉर्म ट्रस्ट अध्यक्ष पंडित सतीश चंद्र शर्मा उपाध्यक्ष श्रवण शर्मा एवं सचिव स्वदेश शर्मा से प्राप्त किए जा सकते हैं।

# प्रयाग महाकुंभ दुल्हन की तरह सज-धज कर तैयार



## पौष पूर्णिमा के स्नान से कुंभ प्रारंभ होगा

## महाकुंभ में 40 करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं और साधु-संतों का होगा धार्मिक समागम



**ब्रह्मास्त्र ▸▸ प्रयागराज**

गंगा, यमुना और सरस्वती की रजतमयी जलधारा जब लंबी दूरी तय कर प्रयाग पहुंचती है एवं आलिंगनबद्ध होती है, तब प्रकृति के उस सुरम्य एवं मनभावन दृश्य को देखने के लिए वक्त भी अस्ताचल की ओर अपना रूख कर लेता है। सूर्योदय एवं सूर्यास्त के समय जब किरणें इस संगम से टकराती है, तब पूरा प्रयाग इंद्रधनुषी रोशनी में नहा उठता है। सचमुच एक प्रकाशपुंज की तरह दिखता है प्रयाग शहर, जो साक्षी है पुनर्मिलन का। इस संगम ने पूरे भारत को एक सूत्र में बांधने का काम किया है। प्रयाग का अद्भुत रूप उस समय दिखाई देता है, जब प्रति छह एवं बारह वर्षों में यहां कुंभ का आयोजन होता है।

2025 का प्रयाग महाकुंभ 40 वर्ग किलोमीटर में फैला क्षेत्र में 40 करोड़ से अधिक तीर्थ यात्रियों के आने का अनुमा है। यूपी सरकार ने दुनिया के सबसे बड़े धार्मिक समागम के लिए महाकुंभ को 76वां अस्थाई जिला बनाया है।

भिन्न-भिन्न संस्कृति एवं सभ्यता वाले इस देश भारत वर्ष में पर्व एवं त्यौहार भी बहुत से है। सबका अलग-अलग माहात्म्य है। सबसे अनूठा है कुंभ पर्व। कहा जाता है जहां केवल स्नान कर लेने से न सिर्फ पुण्य की प्राप्ति होती है बल्कि मोक्ष तक की प्राप्ति हो जाती है। कुंभ के समय पूरा भारतवर्ष मानो प्रयाग शहर में सिमट जाता है। कुंभ का यह महापर्व देश के मात्र चार शहरों उज्जैन, प्रयाग, हरिद्वार एवं नासिक में प्रति बारह वर्षों में एक बार आयोजित होता है।

कुंभ को वर्तमान स्वरूप देने में दशनामी संन्यासी का बहुत बड़ा योगदान है। ये नागा संन्यासी हर छठे वर्ष अर्द्धकुंभ के अवसर पर हरिद्वार और प्रयाग में इकट्ठे होते है। बारहवें वर्ष कुंभ पर्व पर प्रयाग, हरिद्वार, उज्जैन और नासिक में इनका शिविर लगता है। कुंभ पर्व की शोभा है, ये दशनामी संन्यासी, इनकी उपस्थिति से इस महापर्व का आध्यात्मिक सौंदर्य निखर आता है।

स्नान पर्वों में कुंभ स्नान सर्वोत्कृष्ट माना जाता है। कहा जाता है कि एक बार देव और दानवों ने मिलकर क्षीरसागर का मंथन किया था, तब उसमें से 14 रत्न निकले थे। उनमें से सर्वाधिक महत्वपूर्ण अमृत था, जो भी इसे पीता, वह अमर हो जाता। देवता और दानव इस बात पर सहमत हो गए थे कि क्षीरसागर मंथन से जो भी प्राप्त होगा, वह देव और दानवों के बीच बराबर बांट लिया जाएगा तथापि जब समुद्र मंथन से अमृत की प्राप्ति हुई, तब देवताओं के समझ में यह बात तुरंत आ गई कि यदि इसमें से दानवों को उनका भाग प्राप्त हो गया तो वे अमर हो जाएंगे तथा कभी भी उनका नाश नहीं होगा। इस स्थिति से बचने के लिए देवराज इंद्र ने अपनी पुत्र जयंत को अमृतघट लेकर देवमुक्ति की ओर भाग जाने का संकेत दिया। इससे पूर्व, समुद्र मंथन के दौरान समुद्र से वरूणी प्रकट हुई थी और उसे पीकर दानवगण स्वाभाविक रूप से कुछ मदहोश हो गए थे, इसलिए देवराज इंद्र द्वारा की गई चालाकी को समझने में उन्हें कुछ समय लगा।

### दुनिया का सबसे बड़ा धार्मिक मेला प्रयाग का महाकुंभ मेला है। पौष पूर्णिमा 13 जनवरी से प्रयाग

- कुंभ में स्नान से कुंभ मेला शुरू होकर महाशिवरात्रि तक 45 दिन तक चलेगा। मकर संक्रांति पर 5 करोड़ से अधिक आचार्य, महामण्डलेश्वर, साधु-संतों, साध्वियों एवं श्रद्धालुओं का संगम में स्नान कर पुण्य लाभ अर्जित करेंगे। प्रति छह वर्ष पर अर्धकुंभ और प्रति बारह वर्ष पर यहां कुंभ मेले का आयोजन होता है। मेले के आयोजन के लिए केतु और यूपी सरकार ने 6500 करोड़ का बजट रखा है। जबकि यदि संपूर्ण अखाड़ों एवं अन्य खर्च को संयुक्त कर दिया जाए तो यह राशि 10000 करोड़ रूपए से भी ज्यादा होती है। प्रयाग कुंभ में 30 पेन्टूल पुल बनकर तैयार हुए है और कुंभ क्षेत्र में 3 लाख चकर्ट प्लेट पूरे मेला क्षेत्र में बिछाई गई है। यह कुंभ गंगा नदी में लगता है और चारों ओर रेती ही रेती रहती है, इसलिए श्रद्धालुओं को स्नान करने में परेशानी नहीं होती है।
- कुंभ मेला क्षेत्र दुल्हन की तरह सजकर तैयार हो गया है और कुंभ में 6 स्नान होगें। प्रथम स्नान पौष पूर्णिमा पहला स्नान 13 जनवरी, अमृत स्नान 14 जनवरी मकर संक्राति, अमृत स्नान 29 जनवरी मौनी अमावस्या, अमृत स्नान 3 फरवरी बसन्त पंचमी, स्नान पर्व 12 फरवरी माघ पूर्णिमा, अंतिम स्नान पर्व 26 फरवरी महाशिवरात्रि का होगा। सभी अखाड़ों की पेशवाई निकल चुकी है और अखाड़ों ने अपने आशियाने तैयार कर डेरा डाल लिया है। प्रयाग कुंभ में 40 करोड़ श्रद्धालुओं एवं यात्रियों के तथा 5 लाख आचार्य, महामण्डलेश्वर, महंत, साधु-संत एवं साध्वियों के आने की संभावना है। उत्तर प्रदेश सरकार ने केन्द्र सरकार के सहयोग से मेले की संपूर्ण व्यवस्था एवं स्वच्छता को ध्यान में रखते हुए कुंभ मेले में आने वाले श्रद्धालुओं एवं संतों की व्यवस्था का पूरा-पूरा ध्यान रखकर मेले की व्यवस्था का कार्य किया है।

-द्वारकाधीश चौधरी

## महाविद्यालय में हर्बल फर्स्ट एड बॉक्स का रोपण

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन**

भेरूलाल पाटीदार शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय महू में युवा दिवस के उपलक्ष में भूतपूर्व छात्र संगठन एवं वनस्पति शास्त्र विभाग द्वारा मालव मंथन संस्थान के सहयोग से हर्बल फर्स्ट एड बॉक्स का रोपण किया गया एवं व्याख्यान का आयोजन भी किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में पर्यावरणविद और मालव मंथन संस्थान के संस्थापक स्वप्निल व्यास उपस्थित थे उनके द्वारा हर्बल फर्स्ट एड बॉक्स के अंतर्गत 50 तरह की औषधीय पौधों का निशुल्क रोपण महाविद्यालय में किया गया तथा



जैविक कंपोस्ट यूनिट की शुरूआत भी की गई। विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए उन्होंने स्वामी विवेकानंद को सबसे बड़ा पर्यावरण संरक्षक बताया। उन्होंने बताया विवेकानंद के दर्शन को हम मानववाद कह सकते हैं। प्राचार्य डॉ. प्रवीण ओझा ने पर्यावरण संरक्षण के महत्व के बारे में बताया। इस अवसर पर महाविद्यालय के जन भागीदारी अध्यक्ष एडवोकेट निलेश पाटीदार, प्राचार्य डॉ. अर्चना जैन, आइक्यूएसी कोऑर्डिनेटर डॉ. रशीदा कांचवाला, डॉ. स्नेह लता व्यास, मेजर डॉ. संजय सोहनी, डॉ. शैलेंद्र पिपरिया, डॉ. शिल्पी वर्मा, डॉ. मदन वास्कल, डॉ. सुनील खरे आदि उपस्थित थे।

## विश्व हिंदी दिवस के उपलक्ष्य में विशिष्ट व्याख्यान तथा प्रतियोगिताओं का आयोजन

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन**

10 जनवरी विश्व हिंदी दिवस के उपलक्ष्य में महर्षि पाणिनि संस्कृत एवं वैदिक विश्वविद्यालय, उज्जैन के आधुनिक विभाग द्वारा विशिष्ट व्याख्यान तथा विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के अध्यक्ष, कुलगुरु प्रो. विजय कुमार सीजी ने अपने वक्तव्य में कहा कि हिन्दी विश्व में स्थापित भाषा है। आज विश्व में भारतीय संस्कृति सर्वत्र प्रसारित हो रही है तो उसमें हिंदी का महत्वपूर्ण योगदान है। नवीन शिक्षा नीति में भी सभी क्षेत्रीय भाषाओं को महत्व दिया गया है और हिंदी को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पढ़ने हेतु लोग उत्साहित है। उन्होंने विश्व हिंदी दिवस पर सभी से अपनी मातृभाषा और भारत में सेतु का कार्य कर रही हिंदी में संवाद करने हेतु प्रेरित किया। कार्यक्रम की प्रस्तावना आधुनिक विभाग के अध्यक्ष डॉ. अखिलेश कुमार द्विवेदी ने प्रस्तुत करते हुए हिन्दी को लोकप्रिय और विश्व भाषा बताया। डॉ. तुलसीदास परोहा, विभाग समन्वयक ने हिंदी की वर्तनी गत त्रुटियों पर ध्यान केंद्रित कराया। डॉ. पूजा उपाध्याय, विशिष्ट संस्कृत, विभाग अध्यक्ष ने शुद्ध हिंदी में प्रयोग तथा लेखन पर ध्यान देने हेतु प्रेरित किया।

उज्जैन
सोमवार
13
जनवरी, 2025

दैनिक ब्रह्मास्त्र

ये वदन्तीह सत्यानि प्राणत्यागेऽप्युपस्थिते। प्रमाणभूता भूतानां दुर्गाण्यतितरन्ति ते॥

अर्थः प्राणत्याग की परिस्थिति में भी जो सत्य बोलता है, वह प्राणियों में प्रमाणभूत है। वह संकट पार कर जाता है।

## खबर एक नजर...

### सामूहिक सूर्य नमस्कार में मंत्री सिलावट, विधायक ठाकुर, कलेक्टर सिंह आदि हुए शामिल

**इंदौर।** इंदौर जिले में आज 12 जनवरी को स्वामी विवेकानन्द जी के जन्मदिवस को युवा दिवस के रूप में मनाया गया। स्कूलों में भी सामूहिक रूप से सूर्य नमस्कार के कार्यक्रम सम्पन्न हुए। जिला स्तरीय मुख्य कार्यक्रम सुबह 8.30 बजे से सुबह 10.45 बजे तक आरएपीटीसी ग्राउंड महेश गार्ड लाईन में आयोजित किया गया। इस अवसर पर आकाशवाणी से प्रसारित होने वाले कार्यक्रम में राष्ट्रगीत वंदे-मातरम, स्वामी विवेकानन्द का रिकार्डेड ऑडियो और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के संदेश का प्रसारण किया गया। स्कूल शिक्षा विभाग के तत्वावधान में आयोजित इस सामूहिक सूर्य नमस्कार कार्यक्रम में जल संसाधन मंत्री श्री तुलसीराम सिलावट, विधायक उषा ठाकुर, कलेक्टर आशीष सिंह, जिला पंचायत सीईओ सिद्धार्थ जैन सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण, अधिकारी-कर्मचारी, शिक्षक-शिक्षिका, विद्यार्थी तथा शहरवासी शामिल हुए।

### इंदौर जिले की लाड़ली बहनों के खाते में आयी राशि

**इंदौर।** इंदौर जिले में मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना के अन्तर्गत 4 लाख 46 हजार 580 पात्र बहनों को 1250 रुपये की राशि सीधे बैंक खाते में आज अंतरित की गई। यह राशि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कालापीपल जिला- शाजापुर में आयोजित कार्यक्रम के माध्यम से अंतरित की। इस अवसर पर इंदौर शहर सहित ग्रामीण क्षेत्रों में कार्यक्रम सम्पन्न हुए। इस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री के कालापीपल के कार्यक्रम का सीधा प्रसारण दिखाया गया। इंदौर शहर में यह कार्यक्रम नगर निगम के झोन कार्यालयों सहित अन्य स्थानों पर आयोजित भी सम्पन्न हुए। मुख्यमंत्री ने मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना की लाभार्थी बहनों को माह जनवरी 2025 की मासिक सहायता राशि का वितरण किया। साथ ही सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना की राशि तथा प्रधानमंत्री उज्जवला योजनांतर्गत एलपीजी गैस कनेक्शनधारी उपभोक्ताओं एवं गैर पीएम उज्ज्वला योजना श्रेणी की लाड़ली बहना हितग्राहियों को अनुदान राशि का सिंगल क्लिक से भी अंतरण किया गया। लाड़ली बहना योजनान्तर्गत इंदौर जिले की कुल 4 लाख 46 हजार 580 पात्र बहनों को 1250 रुपये के मान से राशि सीधे उनके खाते में डीबीटी के माध्यम से प्रदान की गई। इंदौर में आयोजित कार्यक्रम में विधायक रमेश मेंदोला, गोलू शुक्ला सहित अन्य जनप्रतिनिधि और अधिकारीगण शामिल हुए। कार्यक्रम में महिलाओं को मकर संक्राति की शुभकामनाएं देते हुए उपहार भी दिए गए। कार्यक्रम में कन्या पूजन भी किया गया। इस अवसर पर महिलाओं एवं बालिकाओं के लिए भारतीय परम्परागत खेलों का आयोजन भी किया गया।

फेडरेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष जिनेश्वर जैन की टीम ने रचा इतिहास

# सात जन्मों के लिए सात फेरे, 8 जोड़े बंधे परिणय सूत्र में

## जैन पद्धति से हुई विवाह की सभी रस्में, वर-वधु को उपहार भेंट करने के साथ ही हजारों समाज बंधुओं ने दिया अपना आशीर्वाद

### सुरूचि गार्डन से निकला विशाल चल समारोह, बारातियों का वधु पक्ष के लोगों ने किया स्वागत-सत्कार

ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर



अ.भा जैन श्वेताम्बर सोश्यल ग्रुप फेडरेशन का दो दिवसीय सामूहिक विवाह समारोह रविवार को सुरूचि व अक्षत गार्डन में संपन्न हुआ। सुबह वर पक्ष के लोगों का सुरूचि गार्डन से विशाल चल समारोह निकला। समारोह में सभी पुरुषों के साथ-साथ महिलाएं भी साफे बांधे नजर आई। बैंड-बाजों की स्वरलहरियों के बीच नाचते-झूमते बाराती का विभिन्न सामाजिक संगठनों ने फूलों की वर्षा कर स्वागत किया। सुरूचि गार्डन से निकला बाना श्रीजीवाटिका होते हुए अक्षत गार्डन पहुंचा जहं वधु पक्ष के लोगों ने बारात का द्वार पर स्वागत किया एवं विधानाचार्य अर्पित जैन वाणी, संतोष जैन, ऋषभ जैन व महेंद्र जैन के निर्देशन में सभी 8 दुल्हों ने तोरण की रस्म अदा की।

अखिल भारतीय जैन श्वेताम्बर सोश्यल ग्रुप फेडरेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष जिनेश्वर जैन के नेतृत्व में एवं सामूहिक विवाह समिति के मुख्य संयोजक संजय नाहर, सह संयोजक प्रभात चौपड़ा एवं राजेश बुलिया ने बताया कि अक्षत गार्डन पर आयोजित हुए सामूहिक विवाह समारोह की शुरूआत सुबह अभिषेक शांति धारा के साथ हुई।

इसके पश्चात 8 दूल्हों का भव्य चल समारोह निकाला गया। चल समारोह के पश्चात सभी 8 जोड़ों की वरमाला का कार्यक्रम हुआ जिसमें बाराती व घराती के साथ हजारों समाज बंधु मौजूद रहे। वरमाला के पश्चात विधानाचार्य के निर्देशन व हजारों लोगों की मौजूदगी में वर-वधुओं ने सात जन्मों के लिए सात फेरे लिए। विवाह की रस्में जैन पद्धति से पूरी गई। जिसमें अष्टद्रव्य पूजन, सप्तपदी पूजन की विधि भी करवाई गई। रविवार को अक्षत गार्डन में तीन हजार से अधिक समाज बंधु मौजूद थे। वर-वधु के माता-पिता के साथ ही हजारों समाज बंधुओं ने नवविवाहित जोड़ों को उपहार देने के साथ ही आशीर्वाद भी दिया।

### 8 जोड़ों के लिए अलग-अलग व्यवस्थाएं

राष्ट्रीय अध्यक्ष जिनेश्वर जैन, पीयूष जैन, राजेंद्र जैन,प्रकाश भटेवरा एवं वीरेंद्र नाहर ने बताया कि बाराती व घरातियों के लिए सुरुचि व अक्षत गार्डन में रूकने की व्यवस्था की गई थी। अक्षत गार्डन में सभी 8 जोड़ों के लिए एक विशाल मंच अलग से बनाया गया था। इस मंच पर 8 मंडप, 8 वेदी, 8 हवन कुंड बनाए गए थे। सभी जोड़ों की अलग-अलग व्यवस्थाएं की गई थी और फेडरेशन के सदस्यों को इसकी जिम्मेदारी सौंपी गई थी।

### वधु पक्ष को विदाई में 1 लाख 8 हजार रुपए के उपहार

किरण सिरोलिया, पवन चौरड़िया, अरिहंत जैन ने बताया कि अ.भा जैन श्वेताम्बर सोश्यल ग्रुप फेडरेशन के साथ ही 18 ग्रुपों की सहभागिता भी इस विवाह समारोह में रही। सुबह से शाम तक सभी बाराती व घरातियों ने इस विवाह समारोह का आनंद उठाया। दोपहर में सभी वधुओं की विदाई की गई जिसमें फेडरेशन की ओर से 1 लाख 8 हजार रुपए मूल्य के उपहार भी भेंट किए गए।

### मुख्य लाभार्थियों का हुआ सम्मान

अक्षत गार्डन में जहां एक ओर विवाह की रस्में विधानाचार्य के निर्देशन में संपन्न हो रही थी तो वहीं दूसरी ओर तन, मन व धन से सामूहिक विवाह समारोह में सहयोग करने वाले लाभार्थी परिवारों को सम्मानित भी किया गया। समारोह में जयसिंह जैन, दिलीप सिसोदिया, डॉ. नरेंद धाकड़, वीरेंद्र जैन, नरेंद्र संचेती, डॉ. राजीव चौधरी, संजय लुणावत, डीपीन जैन, कैलाश नाहर, नरेंद्र भंडारी, आशीष धारीवाल, राजेश जैन, अशोक मोदी, कांता बांठिया, सुशील तातेड़, अनिल मेहता, पारस कटारिया आदि सम्मिलित हुए।

# मप्र जन अभियान परिषद के माध्यम से चल रही उत्कृष्ट गतिविधियां - सांसद



ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर

मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद जिला इंदौर के द्वारा स्वामी विवेकानंद जी की 162 सी जयंती एवं राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर आयाम जो व्यक्ति को सफलता प्राप्त करने हेतु आवश्यक है विषय पर व्याख्यान का आयोजन वैष्णव कॉलेज गुमास्ता नगर में किया गया। सांसद शंकर लालवानी कार्यक्रम में विशेष रूप से उपस्थित रहे। मुख्य वक्ता आदरणीय स्वप्निल कोठारी चेयरमैन रेनेसेंस विश्व विद्यालय रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता माला ठाकुर वरिष्ठ सामाजिक कार्यकर्ता एवं अभ्यास मंडल की सचिव ने किया। कार्यकम के अतिथि विकास त्यागी वरिष्ठ पत्रकार ने सभी युवाओं को नशा मुक्त होने व देश को नशा मुक्त करने के लिए नशामुक्ति की शपथ दिलाई।

स्वामी विवेकानंद जयंती और युवा शक्ति मिशन के शुभारंभ पर हुई अनूठी पहल

# प्राकृतिक रंगों से बनाई स्वामी विवेकानंद पर 3डी रंगोली

### गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में दर्ज हुई रंगोली

ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि स्वामी विवेकानंद की जयंती और प्रदेश में युवा शक्ति मिशन के शुभारंभ पर शौर्य स्मारक में 18 हजार स्क्वायर फीट क्षेत्र में बनाई गई स्वामी जी की विश्व की सबसे बड़ी 3डी रंगोली, भारतीय संस्कृति और सृजनात्मकता का जीवंत प्रतीक है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि अद्भुत कौशल और अतुलनीय कला से समृद्ध हमारी युवा बेटियों की यह पहल प्रत्येक युवा को हमारे प्रदेश का नाम गर्व से ऊंचा करने की निरंतर प्रेरणा देती रहेगी। इस विशिष्ट रंगोली को गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में दर्ज किया गया है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने शौर्य स्मारक में बनाई गई रंगोली के अवलोकन के बाद उक्त विचार व्यक्त किए। चार हजार किलोग्राम प्राकृतिक रंगों का उपयोग कर 225 X 80 फीट क्षेत्र में बनाई गई इस रंगोली में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के चित्र को भी बखूबी दशार्या गया। रंगोली के माध्यम से धरती को सुरक्षित और संरक्षित करने के लिये युवाओं के संकल्प और उत्साह को भी प्रदर्शित किया गया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव को इस विशिष्ट रंगोली के गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में दर्ज होने का सर्टिफिकेट ऑफ एक्सीलेंस प्रदान किया गया।

# सतना से भोपाल सिर्फ 2 घंटे में, प्रदेश के 7वें एयरपोर्ट से शुरू हो रहीं ये फ्लाइट्स

ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर

हवाई सफर के मामले में मध्य प्रदेश एक कदम और आगे बढ़ गया है यहां प्रदेश के 7वें एयरपोर्ट के रूप में सतना एयरपोर्ट तैयार हो गया है। जल्द ही सतना एयरपोर्ट से प्रदेश के प्रमुख शहरों को जोड़ने वाली उड़ानें शुरू होने जा रही हैं सांसद गणेश सिंह ने बताया कि सतना से भोपाल, जबलपुर, सिंगरौली आदि शहरों के लिए फ्लाइट्स शुरू होने वाली हैं एयरपोर्ट के उद्घाटन अवसर पर केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री और मुख्यमंत्री को भी सांसद गणेश सिंह ने आमंत्रित किया है बस तारीख तय होने का इंतजार किया जा रहा है।



- **1962 में बनी थी हवाई पट्टी, अब कर्मशियल एयरपोर्ट-** गुरुवार को जिले के प्रशासनिक अधिकारियों के साथ सांसद गणेश सिंह ने एयरपोर्ट का निरीक्षण किया इस दौरान उन्होंने टर्मिनल बिल्डिंग के साथ वहां मौजूद सुविधाओं की जानकारी ली सांसद गणेश सिंह ने कहा,यह बहुत पुरानी हवाई पट्टी है, जो 1962 में बनी थी तब यहां पर कुछ निजी और सरकारी प्लेन उतरा करते थे लेकिन उस समय यहां एयरपोर्ट जैसी कोई सुविधा नहीं थी अब जब हमारे प्रधानमंत्री जी ने देश के 100 हवाई अड्डों को क्षेत्रीय उड़ान सेवा में शामिल किया, तो सतना को भी उसमें शामिल किया गया।
- **उड़ान भरेंगे 19 सीटर विमान-** सांसद ने आगे कहा, " हवाई पट्टी के नवीनीकरण के साथ पूरा एयरपोर्ट बनकर तैयार हो गया है फिलहाल यहां 19 सीटर वाले विमानों के लिए रनवे बनाया गया है। अब इसमें बड़े विमानों को चलाने के लिए भी हवाई पट्टी का निर्माण होगा जल्द ही इसका उद्घाटन होगा, जिसमें प्रदेश के मुख्यमंत्री जी और उड्डयन मंत्री भी शामिल होंगे फ्लाय ओला कंपनी से हमारी मीटिंग हो चुकी है और वह भी यहां फ्लाइट्स देने के लिए तैयार है जैसे ही उद्घाटन की तारीख शुरू हो जाएगी वैसे ही यहां से भोपाल, जबलपुर, रीवा आदि शहरों के लिए एयर टैक्सी चलेगी।

### मध्यप्रदेश में एयरपोर्ट

मध्य प्रदेश में फिलहाल भोपाल, ग्वालियर, जबलपुर, इंदौर, खजुराहो और रीवा एयरपोर्ट चालू हैं वहीं सातवें एयरपोर्ट के रूप में सतना भी शुरू होगा गौरतलब है कि सतना एयरपोर्ट अथॉरिटी का स्टाफ भी यहां पहुंच चुका है, ये करीब 15 लोगों का स्टाफ है इसके अलावा फायर ब्रिगेड और सुरक्षा का अलग से स्टाफ यहां लगाया जा रहा है इस बीच यहां से संभावित उड़ानों का शेड्यूल भी जारी किया गया है।

### सतना से भोपाल 2 घंटे में

फिलहाल सतना से भोपाल जाने में बाय रोड व ट्रेन 9 से 10 घंटे का वक्त लगता है वहीं एयर टैक्सी शुरू होती है तो 522 किमी का ये डिस्टेंस कवर करने में 2 से ढ़ाई घंटा लग सकता है दरअसल, फ्लाय ओला डॉट इन के मुताबिक रीवा से भोपाल एयरटैक्सी 2 से ढाई घंटे का वक्त लेती है। रीवा और सतना की दूरी काफी कम है। ऐसे में सतना से भोपाल भी लगभग इतना समय ही लग सकता है।

## जुनैद खान और खुशी कपूर की फिल्म लवयापा का ट्रेलर रिलीज




जुनैद खान और खुशी कपूर की फिल्म लवयापा का ट्रेलर रिलीज हो गया है। यह फिल्म 7 फरवरी 2025 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। लवयापा जुनैद खान और खुशी कपूर की पहली थिएट्रिकल फिल्म है और इस वजह से दोनों स्टार किड्स के फैंस के लिए यह एक खास तोहफा है। फिल्म का निर्देशन अद्वैत चंदन ने किया है। लवयापा को फैंटम स्टूडियोज और एजीएस एंटरटेनमेंट ने प्रोड्यूस किया है। जी स्टूडियोज इसे दुनियाभर में रिलीज करेगा।



ट्रेलर में जुनैद और खुशी की केमिस्ट्री दर्शकों को पसंद आ रही है। इसमें हल्की-फुल्की रोमांटिक कहानी के साथ मस्ती और इमोशन्स का तड़का देखने को मिलेगा। फिल्म के ट्रेलर से ही अंदाजा लगाया जा सकता है कि यह नई जोड़ी दर्शकों को एक फ्रेश अनुभव देगी। लवयापा के जरिए जुनैद खान और खुशी कपूर ने अपने बॉलीवुड करियर की शुरूआत की है। दोनों के फैंस उनकी परफॉर्मेंस देखने के लिए बेहद उत्साहित हैं।

# अगर मेरा शरीर इजाजत देगा तो मैं काम करूंगी



## कैंसर के इलाज के बीच सीरीज करने पर बोलीं हिना खान



हिना खान को अपने थर्ड स्टेज कैंसर का पता चलने के बाद जल्द ही एक साल होने वाला है और अभिनेत्री का कहना है कि 2024 और 2025 के बीच का अंतर यह है कि वह केवल मजबूत हुई हैं।

एक्ट्रेस हिना खान उर्फ 'शेर खान' टीवी, फिल्म में मजबूत किरदार निभाने के लिए जानी जाती हैं।अपनी अभिनेत्री अपनी प्रोफेशनल लाइफ के अलावा अपनी निजी जिंदगी को लेकर काफी चर्चा में रहते हैं। अभिनेत्री असल जिंदगी में भी एक फाइटर हैं। इन दिनों वह कैंसर जैसी बीमारी से जंग लड़ रही हैं। इसके अलावा अभिनेत्री गृह लक्ष्मी सीरीज में भी नजर आने वाली हैं। अब हाल ही में, हिना ने कैंसर की बीमारी के इलाज के बीच काम करने को लेकर अपना अनुभव साझा किया है। आइए जानते हैं कि अभिनेत्री ने क्या कहा है।

### मजबूती से खड़ी हैं हिना खान

हिना खान को अपने थर्ड स्टेज कैंसर का पता चलने के बाद जल्द ही एक साल होने वाला है और अभिनेत्री का कहना है कि 2024 और 2025 के बीच का अंतर यह है कि वह केवल मजबूत हुई हैं। एक्ट्रेस ने कहा, "मैं अब भी वही हिना हूं। पुरानी हिना भी साहसी और मजबूत थी और यह हिना भी बहुत मजबूत और साहसी है और सच में अब वह बहुत मजबूत हो गई है।

### बीमारी को कॉमन करने का किया पूरा प्रयास

हिना ने आगे कहा, "मैंने अपनी इस पूरी जर्नी के दौरान काम किया है। मैंने कैंसर की बीमारी को कॉमन करने का पूरा प्रयास किया है। जब से मेरी कीमोथेरेपी शुरू हुई है तब से मैं काम कर रही हूं, शूटिंग कर रही हूं, यात्रा कर रहा हूं और डबिंग पूरी कर चुकी हूं। मैंने अपना रैंप वॉक किया। यही नहीं मैंने इंटरव्यूज तक दिए हैं। अगर मेरा शरीर अनुमति देता है, तो मैं काम करूंगी।




### फैंस का किया शुक्रिया अदा

सोशल मीडिया पर फैंस के मिल रहे फैंस के प्यार को लेकर हिना ने कहा, 'मैंने सपने में भी नहीं सोचा था कि लोग इस तरह से प्रतिक्रिया देंगे या अपना प्यार बरसाएंगे। और, सिर्फ प्यार ही नहीं। जिस तरह से लोगों ने मेरे लिए प्रार्थना की। मैं सच में काफी इमोशनल हो गई थी।'

### इन सितारों से सजी है सीरीज

बता दें कि "गृह लक्ष्मी" में हिना के अलावा चंकी पांडे, दिब्येंदु भट्टाचार्य, राहुल देव, हरीश, अभिषेक वर्मा, अंकित भाटिया और कुंज आनंद भी प्रमुख भूमिकाओं में हैं। सात-एपिसोड की सीरीज रुमान किदवई द्वारा निर्देशित और कौशिक इजारदार द्वारा निर्मित है।

## जेनिफर लोपेज और बेन एफ्लेक का रिश्ता 2 साल में खत्म



हॉलीवुड में हाल ही में एंजेलिना जोली और ब्रैड पिट के तलाक की खबरों के बाद अब जेनिफर लोपेज और बेन एफ्लेक के अलग होने की खबरें सुर्खियों में हैं। यह जोड़ी, जिसने जुलाई 2022 में शादी की थी, अब तलाक की प्रक्रिया पूरी करने जा रही है। लोपेज ने अगस्त 2024 में लॉस एंजिल्स सुपीरियर कोर्ट में तलाक के लिए अर्जी दी थी। दोनों ने आपसी सहमति से अपने तलाक के वित्तीय मामलों को सुलझा लिया है, जिससे अदालत में लंबी कानूनी लड़ाई से बचा जा सका। दायर दस्तावेजों के अनुसार, तलाक के बाद न तो लोपेज और न ही एफ्लेक एक-दूसरे को भरण-पोषण देंगे। तलाक के बाद जेनिफर लोपेज अपने कानूनी नाम से ह्यएफ्लेकह्न शब्द हटा देंगी।

जेनिफर लोपेज और बेन एफ्लेक ने 2000 के दशक की शुरूआत में एक-दूसरे को डेट करना शुरू किया था। इस दौरान उन्होंने गिगली (2003) और जर्सी गर्ल (2004) जैसी फिल्मों में एक साथ काम किया। करीब दो दशक बाद दोनों ने फिर से रिश्ता शुरू किया और शादी करने का फैसला लिया। हालांकि, शादी के कुछ समय बाद ही उनके रिश्ते में दरार आने लगी। अप्रैल 2023 में उन्होंने अलग होने का फैसला किया।

यह शादी लोपेज की चौथी और एफ्लेक की दूसरी थी। एफ्लेक ने 2018 में अभिनेत्री जेनिफर गार्नर से तलाक लिया था, जिससे उनके तीन बच्चे हैं। वहीं, जेनिफर लोपेज की पिछली शादी गायक मार्क एंथनी से हुई थी, जिनसे उनके जुड़वां बच्चे हैं। दोनों ने अपने रिश्ते को सौहार्दपूर्ण बनाए रखा और मध्यस्थता के जरिए वित्तीय विवादों को हल कर लिया। इस जोड़ी की कोई संतान नहीं है, जिससे तलाक की प्रक्रिया अपेक्षाकृत सरल रही। रिपोर्ट्स के अनुसार, दोनों के बीच अभी भी सौहार्दपूर्ण संबंध हैं।

# सारा अली को नहीं मिला मल्लिकार्जुन गर्भगृह में प्रवेश

अकसर ही सारा अली खान अपनी फिल्मों की रिलीज से पहले मंदिरों के दर्शन करती हैं। हाल ही में उन्हें मल्लिकार्जुन मंदिर गर्भगृह में प्रवेश नहीं मिल पाया।

हिंदी फिल्मों की रिलीज से पहले इसके सितारों के धार्मिक स्थानों पर योजनाबद्ध तरीके से पहुंचने, इनके फोटो व वीडियो सोशल मीडिया पर साझा करने और फिर इन फोटो व वीडियो के लिंक मीडिया तक समय रहते पहुंचाने के लिए पूरी एक टीम काम करती है। आमतौर पर इसमें संबंधित सितारे की पीआर एजेंसी का रोल सबसे अहम होता है और वही इन मंदिरों में काम करने वाले स्थानीय पुजारियों या वहां सक्रिय लाइन प्रोड्यूसर्स से संपर्क करके इन सितारों को मंदिर के गर्भगृह तक ले जाने की व्यवस्था कराते हैं। लेकिन, इस बार सारा के मल्लिकार्जुन मंदिर जाने पर उन्हें गर्भगृह तक जाने की अनुमति नहीं मिली।

सारा अली खान आमतौर पर अपनी नई फिल्म की रिलीज से पहले किसी न किसी शिव मंदिर अवश्य जाती रही हैं। उज्जैन स्थित महाकाल मंदिर उनका सबसे प्रिय मंदिर रहा है और एकाधिक बार वह इस मंदिर के गर्भगृह तक पहुंच भी चुकी हैं। मंदिर के गर्भगृह तक गैर हिंदुओं का प्रवेश वर्जित रहा है हालांकि यहां मंदिर परिसर में गैर हिंदुओं के प्रवेश पर पाबंदी नहीं है। देश में गैर हिंदुओं को लेकर सबसे सख्त नियम पुरी के जगन्नाथ मंदिर के हैं, जहां गैर हिंदुओं को प्रवेश द्वार से लौटा दिया जाता है। ये नियम हर किसी पर लागू है। यहां तक कि इंदिरा गांधी को भी मंदिर में प्रवेश करने से रोका जा चुका है।





### उज्जैन के महाकाल मंदिर का फॉर्मूला काम न आया

लेकिन, पासपोर्ट पर अपना नाम सारा सुल्तान बताने वाली सारा अली खान ने हिंदू देवी देवताओं के प्रति अपने प्रेम को कभी छुपाया नहीं। खाड़ी देशों में पर्यटन को बढ़ावा देने वाले एक विज्ञापन में वह अपने पिता सैफ अली खान को अब्बाजान और अपनी मां अमृता सिंह को सोशल मीडिया पर अम्मीजान कहकर संबोधित करती रही हैं, और इसमें भी उन्होंने कभी किसी तरह का दुराव छिपाव नहीं किया। सारा के करीबी बताते हैं कि सरकारी कागजात में भी उनका धर्म मुस्लिम ही लिखा है। और, इसी के चलते नए साल पर मल्लिकार्जुन पहुंची सारा को मंदिर के भीतर जाने से रोका गया।

सारा अली खान के करियर की 10वीं फिल्म स्काईफोर्स अगले हफ्ते रिलीज होने जा रही है। हालांकि, उन्हें इस फिल्म के प्रचार से दूर ही रखा जा रहा है और फिल्म का पूरा फोकस सिर्फ इसके सितारे अक्षय कुमार और फिल्म में डेब्यू कर रहे महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री सुशील कुमार शिंदे के नाती वीर पहाड़िया पर ही रखा जा रहा है। लेकिन, सारा अली खान की अपनी टीम उन्हें फोकस में लाने की पूरी कोशिश कर रही है। गौरतलब है कि सारा की अब तक रिलीज नौ फिल्मों में सिर्फ चार फिल्में ही सिनेमाघरों तक पहुंच पाई हैं, बाकी सारी फिल्में सीधे ओटीटी पर रिलीज हुई हैं।

### मल्लिकार्जुन मंदिर में गैर हिंदुओं का प्रवेश प्रतिबंधित

फिल्म स्काईफोर्स की रिलीज से पहले सारा अली खान इस बार महाकाल मंदिर की बजाय आंध्र प्रदेश के श्रीशैलम स्थित मल्लिकार्जुन मंदिर पहुंची। देश में स्थित बारह ज्योतिलिंगों में शामिल मल्लिकार्जुन मंदिर में गैर हिंदुओं का प्रवेश प्रतिबंधित है। मंदिर के विशेष कार्याधिकारी एम श्रीनिवास राव बताते हैं कि सिर्फ मंदिर ही नहीं बल्कि पूरे श्रीशैलम कस्बे में किसी भी तरह की गैर हिंदू धार्मिक क्रिया नहीं की जा सकती। सारा अली खान की टीम ने मल्लिकार्जुन मंदिर के भीतर जाने की कोशिश की लेकिन उन्हें इसकी अनुमति नहीं मिली, इसके बाद सारा ने मंदिर के स्वर्ण विमान की फोटो अपने सोशल मीडिया पेज पर साझा की। उनकी इस पोस्ट मे दिखने वाली बाकी तस्वीरें श्रीशैलम परिसर में स्थित अन्य मंदिरों की हैं।

# सात्विक-चिराग क्वार्टर फाइनल में

ब्रह्मास्त्र ▸▸ कुआलालंपुर

विश्व नंबर नौ जोड़ी सात्विकसाईराज रेंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की जोड़ी मलेशिया ओपन सुपर 1000 बैडमिंटन टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल पहुंच गई है। वहीं, भारतीय के एचएस प्रणय ने टूर्नामेंट की अच्छी शुरूआत की थी और पहला मैच जीता था, लेकिन दूसरे दौर के मुकाबले में उन्हें हार का सामना करना पड़ा इससे वह पुरुष एकल वर्ग से बाहर हो गए।

सात्विक-चिराग ने अंतिम-16 के मैच में मलेशियाई जोड़ी नूर मोहम्मद आजरिन और तान वी कियोंग को 21-15, 21-15 से हराया। वहीं, प्रणय को चीन के लि शि फेंग से हार का सामना करना पड़ा जिससे उनका सफर यहीं समाप्त हो गया। प्रणय ने पहले दौरे में कनाडा के प्रतिद्वंद्वी ब्रायन यांग को एक घंटे 29 में 21-12, 17-21, 21-15 से शिकस्त दी थी, लेकिन दूसरे दौर में वह इस लय को बरकरार नहीं रख सके। भारत के 32 साल के खिलाड़ी को एक घंटे 22 मिनट तक चले मैच में सातवें वरीय लि से 8-21, 21-15, 21-23 से हार मिली।

इससे पहले त्रीसा जॉली और गायत्री गोपीचंद की महिला युगल जोड़ी को राउंड 16 मैच में चीन की जिया यि फान और झांग शु जियान से 21-15, 19-21, 19-21 से पराजय झेलनी पड़ी। मिश्रित युगल में ध्रुव कपिला और तनीषा क्रास्टो की जोड़ी को 44 मिनट में चीन की चेंग जिंग और झांग चि की सातवीं वरीयता प्राप्त जोड़ी से 13-21, 20-22 से शिकस्त मिली।




**एचएस प्रणय का सफर दूसरे दौर में समाप्त**

### मालविका का सफर भी समाप्त

मिश्रित युगल में ही सतीश करुणाकरन और आद्या वारियाथ की जोड़ी को मलेशिया के गोह सुन हुआत और लाई शेवोन जेमी से 10-21, 17-21 से हार मिली। महिला एकल में मालविका बंसोड़ को भी चीन की तीसरी वरीय हान यू के हाथों 18-21, 11-21 से हार मिली। टूर्नामेंट में भारतीय चुनौती अब सात्विक-चिराग के भरोसे रह गई है।

## कपिला और क्रास्टो की जोड़ी आगे बढ़ीं

भारत के लिए तनीषा क्रास्टो और ध्रुव कपिला तथा सतीश कुमार कुरूणाकरन और आद्या वरियथ की जोड़ी ने भी सुपर 1000 टूर्नामेंट के मिश्रित युगल प्री-क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। छत से पानी टपकने के कारण देर से हुए मुकाबले में प्रणय ने कनाडा के प्रतिद्वंद्वी ब्रायन यांग को एक घंटे 29 में 21-12, 17-21, 21-15 से शिकस्त दी। अब उनका सामना सातवें वरीय चीन के शि फेंग से होगा जिन्होंने प्रियांशु राजावत की चुनौती 21-11, 21-16 से समाप्त की। मालविका ने स्थानीय दावेदार गोह जिन वेई को महज 45 मिनट में 21-15, 21-16 से हराकर बाहर कर दिया और अब वह अगले दौर में चीन की तीसरी वरीय और दक्षिण कोरिया की यु पो पाई के बीच होने वाले मैच की



विजेता से भिड़ेंगी। अन्य नतीजों में कपिला और क्रास्टो की जोड़ी ने दक्षिण कोरिया के सुंग हयून को और हाये वोन इयोम की जोड़ी को 21-13, 21-14 से मात दी। अब भारतीय जोड़ी अंतिम-16 में चीन की सातवीं वरीयता प्राप्त जिंग चेंग और चि झांग की मिश्रित जोड़ी के सामने होगी। सतीश और आद्या ने असिथ सूर्या और अमृथा प्रमुथेश को 21-13, 21-15 से हराया जिससे प्री-क्वार्टर फाइनल में अब उनका सामना मेजबान देश के सून हुआत गोह और शेवोन जेमी लाई की चौथी वरीय जोड़ी से होगा। महिलाओं के युगल में ऋतुपर्णा और श्वेतापर्णा पांडे की जोड़ी को थाईलैंड की बेनयापा और नुनताकर्ण ऐमसार्ड की जोड़ी से 17-21, 10-21 से पराजय झेलनी पड़ी।

**जोकोविच का चौंकाने वाला खुलासा**

# 2022 में ऑस्ट्रेलिया में दिया गया था जहर



ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

सर्बिया के दिग्गज टेनिस खिलाड़ी और 24 बार के ग्रैंडस्लैम विजेता नोवाक जोकोविच ने ऑस्ट्रेलियन ओपन 2024 से पहले बड़ा खुलासा किया है। उन्होंने दावा किया है कि 2022 में ऑस्ट्रेलिया में क्वारंटीन के दौरान उन्हें जहर दिया गया था। यह घटना उस समय की है जब कोविड-19 टीकाकरण न कराने के कारण जोकोविच को मेलबर्न में डिटेन किया गया था।

2022 में ऑस्ट्रेलिया का सख्त नियम था कि कोविड-19 टीकाकरण के बिना किसी को देश में प्रवेश नहीं दिया जाएगा। जोकोविच पर आरोप लगा था कि उन्होंने ग्रैंडस्लैम में खेलने के लिए मेलबर्न की यात्रा के दौरान गलत जानकारी दी। इसके चलते उनका वीजा रद्द कर दिया गया और उन्हें डिटेन कर मेलबर्न के एक होटल में रखा गया।

जोकोविच ने अब खुलासा किया है कि क्वारंटीन के दौरान उन्हें ऐसा खाना दिया गया था जिसमें जहर मिला था। उन्होंने कहा, "मुझे स्वास्थ्य संबंधी दिक्कतें हुईं। सर्बिया लौटने के बाद टेस्ट में पता चला कि मैंने जहरीले पदार्थ का सेवन किया है।

## बीसीसीआई ने उच्च न्यायालय को दो सप्ताह में पुलिस को बकाया भुगतान का आश्वासन दिया

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

गलगली ने महाराष्ट्र सरकार के जून 2023 के फैसले को चुनौती देते हुए याचिका दायर की थी जिसमें इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल), टी20 और अन्य क्रिकेट मुकाबलों को प्रदान की जाने वाली पुलिस सुरक्षा के लिए निर्धारित दर को 2011 से पूर्वव्यापी प्रभाव से कम कर दिया गया था।

भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने शुक्रवार को बॉम्बे उच्च न्यायालय को आश्वासन दिया कि मैच के दौरान प्रदान की गई सुरक्षा के लिए वह मुंबई, पिंपरी चिंचवड़ और नवी मुंबई पुलिस को दो सप्ताह में बकाया भुगतान कर देगा। क्रिकेट बोर्ड ने कहा कि उसे पिंपरी चिंचवड़ पुलिस को 1.7 करोड़ रुपये, नवी मुंबई पुलिस को 3.3 करोड़ रुपये और मुंबई पुलिस को 1.03 करोड़ रुपये देने हैं।

बीसीसीआई ने कार्यकर्ता अनिल गलगली द्वारा दायर याचिका के जवाब में प्रस्तुत हलफनामे में कहा, 'बीसीसीआई दो सप्ताह के अंदर इन राशियों का भुगतान करने का वचन देता है।' गलगली ने महाराष्ट्र सरकार के जून 2023 के फैसले को चुनौती देते हुए याचिका दायर की थी जिसमें इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल), टी20 और अन्य क्रिकेट मुकाबलों को प्रदान की जाने वाली पुलिस सुरक्षा के लिए निर्धारित दर को 2011 से पूर्वव्यापी प्रभाव से कम कर दिया गया था।

याचिका में कार्यकर्ता ने 2011 से पूर्वव्यापी प्रभाव वाले परिपत्र पर आपत्ति जताई क्योंकि तब लंबित बकाया राशि भी कम हो जाएगी।

**पहले वनडे मुकाबले में टीम इंडिया ने सीरीज में 1-0 की बढ़त बना ली**

# टीम इंडिया ने आयरलैंड को छह विकेट से हराया

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

भारत और आयरलैंड महिला क्रिकेट टीम के बीच तीन मैचों की वनडे सीरीज के पहले मुकाबले में टीम इंडिया ने आयरलैंड को छह विकेट से हरा दिया है। इसके साथ ही टीम इंडिया ने सीरीज में 1-0 की बढ़त बना ली हैं। पहले वनडे में आयरलैंड की गैबी लुईस ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी आयरलैंड की टीम का आगाज निराशाजनक रहा और महज 56 रन के स्कोर पर टीम के चार बल्लेबाज पवेलियन लौट गए। आयरलैंड की टीम ने निर्धारित 50 ओवरों में सात विकेट खोकर 238 रन बनाए।



आयरलैंड की ओर से कप्तान गैबी लुईस ने शानदार 92 रन की पारी खेली।भारत की गेंदबाजी में सायली सतघरे और प्रिया मिश्रा ने अहम योगदान दिया, दोनों ने बीच में किफायती गेंदबाजी की और विकेट भी चटकाए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी टीम इंडिया का आगाज शानदार रहा और पहले विकेट के लिए दोनों सलामी बल्लेबाजों ने ताबड़तोड़ बल्लेबाजी करते हुए पहले विकेट के लिए 70 रन बोर्ड पर जड़ दिए। टीम इंडिया ने 34.3 ओवर में चार विकेट खोकर लक्ष्य को हासिल कर लिया। टीम इंडिया की तरफ से सलामी बल्लेबाज प्रतिका रावल ने सबसे ज्यादा 89 रनों की शानदार पारी खेली। इस उम्दा पारी के दौरान प्रतिका रावल ने 96 गेंदों पर 10 चौका और एक छक्का। प्रतिका रावल के अलावा तेजल हसब्निस ने नाबाद 53 रन बनाए। दूसरी तरफ, आयरलैंड की टीम को फ्रेया सार्जेंट ने पहली बड़ी कामयाबी दिलाई। आयरलैंड की ओर से ऐमी मागुइरे ने सबसे ज्यादा तीन विकेट अपने नाम किए। ऐमी मागुइरे के अलावा फ्रेया सार्जेंट ने एक विकेट लिए।

## रंग भरकर चित्र बनाओ



## रास्ता खोजों...



## रंग भरकर चित्र बनाओ



ऑनलाइन गेमिंग सेक्टर को सुप्रीम कोर्ट से बड़ी राहत

## जीएसटी नोटिस पर लगाई रोक



ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को कई ऑनलाइन गेमिंग कंपनियों को जारी किए गए 1.12 लाख करोड़ रुपये के वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) कारण बताओ नोटिस पर रोक लगा दी, जिससे इस सेक्टर को अस्थायी राहत मिली है। शीर्ष अदालत ने मामले के अंतिम निपटारे तक डीजीजीआई द्वारा जारी सभी कारण बताओ नोटिस के संबंध में आगे की सभी कार्यवाही पर रोक लगा दी।

मामले की अंतिम सुनवाई 18 मार्च को तय की गई है। फैसले के बाद, स्टॉक एक्सचेंजों पर इंट्रा-डे ट्रेड के दौरान डेल्टा कॉर्प और नाजारा टेक जैसी गेमिंग कंपनियों के शेयरों में 7 प्रतिशत तक की बढ़ोतरी हुई। ई-गेमिंग फेडरेशन (ईजीएफ) के सीईओ अनुराग सक्सेना ने सुप्रीम कोर्ट द्वारा दी गई राहत का स्वागत किया।

सक्सेना ने कहा, यह सरकार और गेमिंग ऑपरेटर्स दोनों के लिए फायदेमंद है। गेमिंग ऑपरेटर्स के लिए जो जबरदस्ती की कार्रवाई का सामना कर रहे थे और सरकार के लिए जिसकी समयसीमा अब बढ़ाई जा सकती है। हम इस मुद्दे के निष्पक्ष और प्रगतिशील समाधान को लेकर आश्वस्त हैं, जिसके बाद हम गेमिंग सेक्टर में निवेश, रोजगार और वैल्यूएशन को अपनी पूरी क्षमता तक बढ़ते देखेंगे।

डीजीजीआई ने 2023 में गेमिंग कंपनियों को 71 नोटिस भेजे, जिसमें उन पर 2022-23 और 2023-24 के पहले सात महीनों के दौरान 1.12 लाख करोड़ रुपये के जीएसटी की चोरी करने का आरोप लगाया गया, जिसमें ब्याज और जुमार्ना शामिल नहीं है। जीएसटी अधिनियम की धारा 74 के तहत नोटिस जारी किए गए थे, जो विभाग को कर मांग के 100 प्रतिशत तक का जुमार्ना लगाने की अनुमति देता है और कुल देयता ब्याज सहित 2 l3 लाख करोड़ रुपये से अधिक हो सकती है।

# सिंगापुर देश का पासपोर्ट 2025 में दुनिया में सबसे शक्तिशाली







ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

सिंगापुर ने 2025 में दुनिया के सबसे शक्तिशाली पासपोर्ट के रूप में अपना ताज फिर से हासिल कर लिया है। इसका पासपोर्ट 227 ग्लोबल डेस्टिनेशन में से 195 तक वीजा-फ्री पहुंच उपलब्ध कराता है। दूसरे नंबर पर जापान का पासपोर्ट है जो 193 देशों में वीजा-फ्री एंट्री की सुविधा देता है। हेनले पासपोर्ट इंडेक्स की नई रैंकिंग के मुताबिक 2024 में नंबर एक स्पॉट साझा करने के बाद, फ्रांस, जर्मनी, इटली और स्पेन [यूरोपीय संघ के सदस्य देश], दो पायदान गिरकर तीसरे नंबर पर आ गए हैं। उनके साथ फिनलैंड और दक्षिण कोरिया भी हैं। सभी छह पासपोर्ट 2025 में 192 देशों तक वीजा-फ्री यात्रा की सुविधा देते हैं।

चौथे नंबर पर यूरोपीय संघ के सात देश - ऑस्ट्रिया, डेनमार्क, आयरलैंड, लक्जमबर्ग, नीदरलैंड, नॉर्वे और स्वीडन आते हैं। इनमें से किसी भी पासपोर्ट के होने पर 191 देशों में वीजा-फ्री एंट्री मिल सकती है। पांचवें नंबर पर बेल्जियम, पुर्तगाल, स्विटजरलैंड, यूके और न्यूजीलैंड हैं। इनमें किसी भी देश का पासपोर्ट होने पर 190 देशों की वीजा फ्री यात्रा की जा सकती है। ब्रिटेन के पासपोर्ट की ताकत लगातार घट रही है जो कभी नंबर एक स्थान पर था।

सबसे अहम बात यह है कि टॉप फाइव से अमेरिकी पासपोर्ट गायब है। यह नौवें नंबर पर है। वर्तमान में, अमेरिकी पासपोर्ट धारक 186 देश तक वीजा-फ्री पहुंच का आनंद लेते हैं। इस साल की रैंकिंग में भारत पांच पायदान नीचे खिसककर 80वें स्थान से 85वें स्थान पर आ गया है। भारतीय पासपोर्ट के जरिए अब 57 देशों में वीजा फ्री यात्रा की जा सकती है। भारत के साथ इक्वेटोरियल गिनी और नाइजर भी 85वें नंबर पर हैं।

## अदाणी ग्रुप और इस्कॉन का महाकुंभ में ह्यमहाप्रसाद सेवाह्न की शुरूआत



ब्रह्मास्त्र ▸▸ अहमदाबाद

अदाणी ग्रुप ने 13 जनवरी से 26 फरवरी के बीच प्रयागराज में आयोजित होने वाले महाकुंभ में इस्कॉन के साथ मिलकर महाप्रसाद सेवा शुरू करने का निर्णय लिया है। इस सेवा के माध्यम से अदाणी ग्रुप लाखों श्रद्धालुओं को निःशुल्क भोजन उपलब्ध कराएगा। इस पहल के तहत अदाणी ग्रुप के चेयरमैन गौतम अदाणी ने इस्कॉन के गुरु प्रसाद स्वामी जी से मुलाकात की और सेवा के इस अनूठे कार्य में इस्कॉन का साथ देने की प्रतिबद्धता जताई। गौतम अदाणी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर अपनी पोस्ट में लिखा, कुंभ सेवा की वो तपोभूमि है जहां हर हाथ स्वतः ही परमार्थ में जुट जाता है। यह मेरा सौभाग्य है कि महाकुंभ में हम इस्कॉन के साथ मिलकर ह्यमहाप्रसाद सेवाह्न आरंभ कर रहे हैं, जिसमें मां अन्नपूर्णा के आशीर्वाद से लाखों श्रद्धालुओं को निःशुल्क भोजन उपलब्ध कराया जाएगा। उन्होंने आगे कहा कि इस पहल के जरिए सेवा के प्रति समर्पण की गहराई को महसूस करने का अवसर मिला।

## अंतर ढूंढो...






## सूडोकू

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 2 | 7 | | | | | | |
| 8 | 4 | 1 | | 9 | 6 | 5 | | 3 |
| 9 | | 5 | | | 1 | | | |
| 2 | 5 | | | | | | | |
| | | | 2 | | 4 | | | |
| | | | | | | | 6 | 8 |
| | | | 5 | | | 4 | | 7 |
| 5 | | 2 | 4 | 8 | | 3 | 9 | 6 |
| | | | | | | 8 | 5 | |

## पिछले सुडोकू का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 8 | 1 | 7 | 3 | 4 | 2 | 6 | 9 |
| 7 | 9 | 4 | 2 | 8 | 6 | 3 | 5 | 1 |
| 6 | 3 | 2 | 5 | 9 | 1 | 8 | 4 | 7 |
| 9 | 1 | 8 | 4 | 6 | 5 | 7 | 3 | 2 |
| 2 | 5 | 3 | 9 | 1 | 7 | 6 | 8 | 4 |
| 4 | 6 | 7 | 8 | 2 | 3 | 9 | 1 | 5 |
| 3 | 2 | 9 | 1 | 5 | 8 | 4 | 7 | 6 |
| 8 | 7 | 5 | 6 | 4 | 2 | 1 | 9 | 3 |
| 1 | 4 | 6 | 3 | 7 | 9 | 5 | 2 | 8 |

## वर्ग पहेली





**बाएँ से दाएँ**

1. 1. किसी का विनाश करने वाली; विनाशिनी 2. मार डालने वाली; नष्ट करने वाली।

5. अंगारों पर दग्ध किया हुआ; भूना हुआ; जलाया हुआ।

7. हठधर्मी; दुराग्रही; अड़ियल।

8. 1. धाँधली करने वाला; घोटालेबाज 2. भ्रष्टाचारी; बेईमान 3. धूर्त।

**ऊपर से नीचे**

2. तीन रंगों वाला।

3. 1. (संगीत) एक रागिनी जिसे प्रातःकाल गाते हैं 2. (संगीत) चार मात्राओं का एक ताल।

4. भौतिकवादी; पदार्थवादी।

6. 1. धोखा देने वाला; जालसाजी या कपटपूर्ण व्यवहार करने वाला; ठग; विश्वासघाती 2. छली; कपटी; बेईमान; दगाबाज; धूर्त; कुटिल।

## पछली वर्ग पहले का हल

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 ज | ■ | 2 के | ■ | 3 सिं | ■ |
| तु | ■ | जु | ■ | गा | ■ |
| क | ■ | अ | ■ | रि | ■ |
| ■ | 4 ढो | ल | 5 कि | या | ■ |
| 6 पू | ■ | ■ | लो | ■ | 7 झाँ |
| ज | ■ | 8 पी | ल | पाँ | व |
| न | ■ | ■ | ■ | ■ | ली |

## खबर एक नजर...

### कोहरे के बीच हुई एक्टिवा-रिक्शा की भिड़ंत

**उज्जैन।** रविवार को घने कोहरे के साथ सुबह हुई थी। इस दौरान तीनबत्ती चौराहा पर एक्टिवा-ई-रिक्शा की भिड़ंत हो गई। बताया जा रहा है कि एकतानगर में रहने वाला रमेश पिता तुलसीराम 70 वर्ष रिक्शा से सवारी छोड़ने विक्रमनगर उद्योगपुरी जा रहा था। जिसके सामने एक्टिवा पर सवार सीताराम पिता भागीरथ 80 वर्ष और उसका पुत्र सुरेश निवासी तृप्ती विहार आ गये। भिड़ंत होने पर रिक्शा चालक के साथ उसमें बैठी सवारी को चोंट आई। वहीं एक्टिवा पर सवार सीताराम को चोंट लगी है। घायलों को चरक भवन में भर्ती किया। सीताराम के पुत्र सुरेश ने बताया कि वह घर से डालडा फैक्ट्री जाने के निकले थे। सुबह काफी कोहरा और ठंड थी। रिक्शा अचानक सामने आ गया।

### पुराने विवाद में युवक को घर में घुसकर मारा

**उज्जैन।** जयसिंहपुरा हनुमान मंदिर के सामने रहने वाले देवेन्द्र पिता ओंकार खत्री 30 वर्ष को शनिवार रात 11.30 बजे पुराने विवाद को क्षेत्र के रहने वाले गोविंद खत्री, अंकित, राहुल, पप्पू और विकास ने घर में घुसकर मारपीट की। देवेन्द्र के साथ मारपीट देख भाभी मेघा और मां बचाने आई तो उसके साथ भी मारपीट की गई। देवेन्द्र को ज्यादा चोंट लगने पर उपचार के लिये अस्पताल लाया गया। उसका कहना था कि घर के सामने थूकने की बात पर विवाद हुआ था, उसी को लेकर घर में घुसकर मारपीट की गई है। मामले में महाकाल थाना पुलिस ने देवेन्द्र की शिकायत पर मारपीट करने वालों के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया है।

### अवैध शराब मामले में फरार आरोपी गिरफ्तार

**उज्जैन।** बड़नगर पुलिस ने अवैध शराब परिवहन मामले में फरार आरोपी बलराम पिता रमेश सिंगार निवासी बागपाड़ा बदनावर को 21 दिन बाद गिरफ्तार कर लिया। थाना प्रभारी अशोक पाटीदार ने बताया कि 21 दिसंबर को चैकिंग के दौरान स्विफ्ट डिजायर कार क्रमांक जीजे 17 एन 8116 को रोका गया था। उसमें सवार 2 व्यक्ति कार छोड़कर भाग निकले थे। कार में 21 पेटी अंग्रेजी शराब बरामद हुई थी। मामला दर्ज कर आरोपियों की तलाश की जा रही थी। जिसमें बलराम को गिरफ्तार करने में सफलता मिली है। पूछताछ में उसने शराब बड़नगर स्थित लायसेंसी दुकान के मैनेजर मोहनसिंह और सेल्समेन नरेश गीता से लाना कबूल किया है। मामले में 2 नाम सामने आने पर उन्हे भी आरोपी बनाया गया है। वही मौके से भागा उसका साथी सीताराम निवासी उड़वा थाना पिटोल झाबुआ होना सामने आया। जिनकी गिरफ्तारी के प्रयास किया जा रहे है। बलराम को कोर्ट में पेश कर जेल भेजा गया है।

5 8 0

## पुलिस प्रतिबंधित चायना डोर की तलाश में निकली

# बाजारों में सर्चिंग, छतों पर जांच अभियान चलाया








ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

मकर संक्रांति का त्यौहार 14 जनवरी को मनाया जायेगा। इससे पहले पतंगबाजी की शुरूआत हो चुकी है। रविवार को आसमान पतंगों से भरा दिखाई दिया। पुलिस प्रतिबंधित चायना डोर की तलाश में निकली और बाजारों में सर्चिंग की गई। छतों पर जांच अभियान चलाया गया।

प्रशासन ने दिसंबर माह की शुरूआत होते ही 2 माह के लिये चायना डोर पर प्रतिबंध का आदेश जारी कर दिया था। पिछले कुछ सालों में चायना डोर से पतंग उड़ाने के दौरान गंभीर हादसे होना सामने आ चुके है। 2 साल पहले जीरो पाइंट ब्रिज पर प्रतिबंधित डोर से गला कटने पर छात्रा नेहा आंजना की मौत हो गई थी। कई लोगों की जान खतरे में पड़ चुकी है। मकर संक्रांति पर चायना डोर का उपयोग ना हो इसको लेकर पुलिस सख्त दिखाई दे रही है। प्रतिबंधित आदेश का उल्लंघन करने वाले 12 से 15 लोगों को पकड़ा जा चुका है। अब मकर संक्रांति को 1 दिन का समय बचा है। रविवार को पतंगबाजी का नजारा जमकर दिखाई दिया। पुलिस ने भी त्यौहार को सद्भावना के साथ पूरा कराने और चायना डोर की तलाश में सर्चिंग की। सीएसपी ओपी मिश्रा, खाराकुआ टीआई राजकुमार मालवीय, महाकाल थाना एएसआई चंद्रभानसिंह टीम के साथ तोपखाना और छत्रीचौक पतंग बाजार में पहुंचे। बाजार में उपलब्ध मांझे की जांच की गई। पुलिस के साथ वी केयर फाउंडेशन के सदस्य भी मौजूद थे। उन्होंने सावधानी से मनाये सद्भावना का त्यौहार... चायना डोर का करे पूर्ण बहिष्कार के बैनर को दिखाते हुए जागरूकता फैलाने का काम किया।



### सूत के धागों से बने गट्टो की बढ़ी ब्रिकी

चायना डोर पर लगे प्रतिबंध और पुलिस की बढ़ती निगरानी के बीच एक बार फिर पतंग उड़ाने के लिये सूत के धागों से बने गट्टो की ब्रिकी बढ़ गई है। पिछले 8-10 सालों में सूत का धागा विलुप्त सा हो गया था। रविवार को अवकाश का दिन होने और संक्रांति को 2 दिन का समय बचा होने पर सूत के धागों को सूतने का काम जमकर चलता दिखाई दिया। बाजार में एक हजार मीटर धागे का गट्टा 50 रूपये में सूता जा रहा है। लाल मस्जिद चौराहा, गीता कालोनी, तोपखाना क्षेत्र में चकरे चल रहे है।

### पतंग उड़ाने वालों का चैक किया मांझा

बाजारों में सर्चिंग के साथ ही पुलिस महाकाल क्षेत्र की कालोनियों और मोहल्लों की छतों पर पहुंची। पतंगबाजी करने वालों के मांझे की जांच की गई। पुलिस ने छतों से चायना डोर से पतंग नहीं उड़ाने का अलाउंसमेंट किया। बच्चों और युवाओं ने चायना डोर से पतंग नहीं उड़ाने की बात कहीं। सर्चिंग के साथ तलाशी अभियान में पुलिस का प्रयास सार्थक दिखाई दिया। कहीं भी प्रतिबंधित डोर होना सामने नहीं आई। रात में भी पुलिस बाजारों में नजर बनाये हुए थी। आज भी पुलिस का अभियान जारी रहेगा, ताकि चायना डोर को पूर्ण रूप से प्रतिबंधित कराया जा सके।

### गुरूवारिया हाट बाजार से पकड़ाया युवक

चायना डोर को लेकर चलाये जा रहे अभियान में नीलगंगा पुलिस ने हरिफाटक ब्रिज के नीचे लगाने वाले गुरूवारिया हाट बाजार क्षेत्र से प्रतिबंधित डोर बेचने के लिये पहुंचे नितेश पिता राजेश निवासी न्यू इंदिरानगर को गिरफ्तार किया। उसके पास से चायना के 2 गट्टे बरामद किये गये है। पुलिस ने उसके खिलाफ धारा 223 का प्रकरण दर्ज किया है।

# भाईयों को ब्लैकमेलर नौकरानी ने दिलाई थी कार-बाइक

## कोर्ट में सरेंडर करने वाले भाईयों को भेजा गया जेल

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

ज्योतिष का आपत्तिजनक वीडियो बनाकर 2 साल तक ब्लैकमेल करने वाली नौकरानी ने अपने मामा और मौसी के बेटो को ब्लैकमेलिंग में साथ देने पर कार और बाइक फायनेंस कराई थी। दोनों भाईयों से पुलिस ने वाहन जप्त किये है। कोर्ट में सरेंडर करने के बाद दोनों से 2 दिनों की रिमांड पर पूछताछ की गई। मामले से जुड़े 2 ओर नाम सामने आये है।

वृदांवनधाम में रहने वाली पिंकी गुप्ता अलखधाम में रहने वाले ज्योतिष के यहां नौकरानी का काम करती थी। उसने ज्योतिष का आपत्तिजनक वीडियो बनाने के बाद 2 साल तक ब्लैकमेल किया। परिवार और प्रेमी के साथ मिलकर 3 से 4 करोड़ रूपये वसूल लिये थे। दिसंबर माह में मामला पुलिस के पास पहुंचा था। नीलगंगा पुलिस ने नौकरानी पिंकी गुप्ता, बहन रजनी पाटीदार, मां सजनबाई बैरागी और पिंकी के प्रेमी राहुल मालवीय को गिरफ्तार कर 45 लाख नगद, 55 लाख के आभूषण बरामद किये थे। पिंकी ने ब्लैकमेलिंग में अपने ममेरे और मौसेरे भाई संतोष बैरागी और अशोक बैरागी के नाम कबूल किये थे। पुलिस ने दोनों का आरोपी बनाकर तलाश शुरू की थी। 13 दिन बाद दोनों ने कोर्ट में सरेंडर कर दिया था। पुलिस ने पूछताछ के लिये रिमांड पर लिया। जिसमें सामने आया कि ज्योतिष को धमकाने के लिये कॉल करते थे। जिसके एवज में पिंकी ने अशोक को 4 लाख रूपये कार खरीदने के लिये दिये थे। संतोष बाइक दिलाने के लिये रूपये दिये थे। ब्लैकमेलिंग के रूपयों से खरीदे गये वाहन पुलिस ने जप्त किये है।

# चोरी गए 12 लाख के आभूषण बदमाशों से मिले

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

निजातपुरा में 15 लाख की वारदात कर चुके बदमाशों से 12 लाख के आभूषण ओर बरामद कर लिये गये है। बदमाशों ने जीवाजीगंज क्षेत्र में शिक्षा विभाग से सेवानिवृत्त महिला और सेल्समेन के यहां नवम्बर में चोरी की वारदात को अंजाम दिया था।

कोतवाली थाना क्षेत्र के निजातपुरा में रहने वाले विपिन पाटनी के मकान में 15 लाख की चोरी 4 जनवरी को होना सामने आया था। पुलिस ने मामला दर्ज करने के बाद 7 जनवरी को पांड्याखेड़ी में रहने वाले शाहरूख पिता आमिर के साथ गांधीनगर में रहने वाले कुलदीप उर्फ फुफ्फो पिता जगदीश गौरे को गिरफ्तार कर लिया था। मामले में शाहरूख की पत्नी राधिका उर्फ मुस्कान को भी आरोपी बनाया गया था। तीनों की निशानदेही पर 10 लाख नगद और 5 लाख के आभूषण मिलने पर पूछताछ के लिये 3 दिनों की रिमांड पर लिया गया। इस दौरान दोनों से पूछताछ में जीवाजीगंज थाना क्षेत्र के कमरी मार्ग छोटा तेलीवाड़ा में रहने वाली किरण गौड़ के यहां 22 नवम्बर 2024 और 10 नवम्बर 2024 को गौंसा दरवाजा केडी गेट पर रहने वाले हर्ष पिता ईश्वरलाल मालवीय के यहां हुई चोरी का सुराग भी मिल गया। जीवाजीगंज थाना प्रभारी विवेक कनोडिया ने बताया कि किरण गौड़ शिक्षा विभाग से सेवानिवृत्त है। वहीं हर्ष मालवीय केडबरी कंपनी में सेल्समेन का काम करता है। वारदात वाले दिन किरण गौड़ एमपी भार्गव नगर में रहने वाली बेटी के घर गई थी। हर्ष अपने पैतृक गांव पालखेड़ी चिंतामण गया हुआ था। दोनों के यहां हुई चोरी के आभूषण बदमाशों की निशानेदही पर बरामद किये जा चुके है। जिसकी कीमत 12 लाख रूपये है। बदमाशों से कुछ माल की बरामदगी ओर शेष है। कोतवाली पुलिस ने रिमांड खत्म होने पर जेल भेजा है।

## पिता के साथ बाजार से पतंग खरीदकर लौट रहे 7 साल के मासूम पर शराबी चालक ने डम्पर चढ़ा दिया

# परिवार के एकलौते पुत्र की मौत, रहवासी सीहर उठे

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

पिता के साथ बाजार से पतंग खरीदकर लौट रहे 7 साल के मासूम पर शराबी चालक ने रॉंग साइड आते हुए डम्पर चढ़ा दिया। मासूम की मौके पर ही सांसे थम गई। दर्दनाक हादसा क्षेत्र के रहवासी सिहर उठे। चालक को भागने से पहले ही पकड़ लिया गया।

मामला चिमनगंज थाना क्षेत्र के शिवशक्ति नगर में रविवार दोपहर हुआ। क्षेत्र का रहने वाला कक्षा दूसरी का छात्र मिहिर पिता देवेन्द्र बिलोनिया 7 वर्ष पिता के साथ बाजार गया था। पिता ने उसे मकर संक्रांति मनाने के लिये पतंग दिलाई थी। पिता आयशर चालक है। उन्होने मिहिर को घर से कुछ दूरी पर छोड़ दिया और



घर जाने के लिये कहा। मासूम घर से कुछ दूरी पर ही था कि रॉंग साइड दौड़ता हुआ डम्पर क्रमांक एमपी 41 एचए 2666 आया और मिहिर पर चढ़ गया। पहिये की चपेट में आते ही मासूम के खून से सड़क लाल हो गई। चालक ने भागने का प्रयास किया लेकिन आसपास के लोगों ने उसे पकड़ लिया। चालक नशे की हालत में धूत था। मामले की खबर मिलते ही पुलिस घटनास्थल पहुंची, मासूम की सांसे थम चुकी थी। उसे चरक भवन पहुंचाया गया। वहीं चालक को हिरासत में लेकर डम्पर को जप्त किया गया। पोस्टमार्टम के दौरान परिजनों ने बताया कि मिहिर परिवार का एकलौता पुत्र था। हादसे की खबर के बाद पोस्टमार्टम कक्ष के बाहर काफी भीड़ जमा हो गई थी। क्षेत्रीय पार्षद भी अस्पताल पहुंचे थे।

### धूप में बैठी महिला ने देखा हादसा

बताया जा रहा है कि अचानक दिल दहला देने वाला हादसा शिवशक्ति नगर में रहने वाली शारदा खत्री ने देखा। वह घर का काम करने के बाद बाहर कुर्सी लगाकर धूप में बैठी थी। उसी दौरान रॉंग साइड तेजगति से आया डम्पर मासूम पर चढ़ गया। वह उठकर दौड़ती उससे पहले मिहिर पर से पहिया गुजर चुका था। जिसने घटनास्थल देखा वह सिहर उठा था। माता-पिता मासूम बेटे का शव देख बदहवास हो गये थे। चिमनगंज थाना पुलिस ने शारदा खत्री की शिकायत पर ही दुर्घटना का मामला दर्ज किया है।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, संदीप मेहता द्वारा अवंतिका ऑफसेट 2, महाकाल मंदिर मार्ग, मालीपुरा, उज्जैन (म.प्र.) से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-संदीप मेहता 9827771777 फोन : 0734-4012777 Email -dainikbrahmastra@gmail.com